त्रैमासिक परीक्षा 2026–27

कक्षा – 11 वीं

समय : 3 घंटे **विषय – भूगोल** पूर्णांक–70

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्र.1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक का है।
3. प्रश्न क्र.6 से 20 तक प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4. प्रश्न क्र.6 से 12 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
5. प्रश्न क्र.13 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।
6. प्रश्न क्र.18 से 19 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।
7. प्रश्न क्र.20 भारत के मानचित्र पर आधारित है। जिस पर 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र.1 सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिये – **1x6 =6**

1. निम्नलिखित में से किस लक्षण को भौतिक लक्षण कहा जा सकता है।

अ. पत्तन ब. मैदान स. सड़क द. जल उद्यान

2. निम्न में से कौन सा तत्व वर्तमान वायुमंडल के निर्माण व संशोधन में सहायक नहीं है?

अ. सौर पवन ब. गैस उत्सर्जन स. विभेदन द. प्रकाश संश्लेषण

3. निम्न में से किसने सर्वप्रथम यूरोप, अफ्रीका व अमेरिका के साथ स्थित होने की संभावना व्यक्त की?

अ. अल्फ्रेड वेगनर ब. अब्राहम आरटेलियस स. एंटोनियो पेलेग्रिनी द. एडमंड हैस

4. जैविक अपक्षय निम्न द्वारा होता है–

अ. पौधे ब. जानवर स. मानव द. ये सभी

5. हिमालय का निर्माण किसके टकराव के कारण हुआ था?

अ. भारतीय प्लेट और अफ्रीकी प्लेट ब. भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट स. प्रशान्त प्लेट और भारतीय प्लेट द. आस्ट्रेलियाई प्लेट और अफ्रीकी प्लेट

6. प्रायद्वीपीय पठार की सबसे लम्बी नदी है :

अ. नर्मदा ब. गोदावरी स. तापी द. साबरमती

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये– **1x6 =6**

1. सर्वप्रथम भूगोल शब्द का प्रयोग ..... विद्वान ने किया।
2. पृथ्वी का कोर यह ..... भाग है जो मुख्य रूप से लोहे और निकल से बना है।
3. चूना पत्थर की चट्टानों पर बने स्थलरूपों को ..... स्थलाकृति कहते हैं।
4. भारत की दक्षिणी सीमा ..... महासागर द्वारा घिरी है।
5. लक्षद्वीप समूह की उत्पत्ति ..... से हुई है।
6. विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा ..... नदियों द्वारा निर्मित है।

प्र.3 सत्य / असत्य लिखिये? **1x6 =6**

1. पृथ्वी पर जीवन लगभग 3 अरब 80 करोड़ वर्ष पहले आरंभ हुआ।

2. भूकंपीय तीव्रता मापनी रिक्टर स्केल के नाम से जानी जाती है।
3. महासागर एवं महाद्वीप पृथ्वी पर समान रूप से वितरित हैं।
4. मृदा निर्माण के लिये शैले, जलवायु एवं समय महत्वपूर्ण कारक हैं।
5. भारतीय मानक समय 90° पूर्व देशान्तर पर आधारित है।
6. थार मरुस्थल में भारी वर्षा होती है।

प्र.4 सही जोड़िया बनाईये– **1x5 =5**

कॉलम अ	**कॉलम ब**
1. पेंजियाँ	अ. प्रशांत महासागर
2. अग्निमेखला	ब. भौमजल
3. स्टैलैक्टाइट	स. सम्पूर्ण पृथ्वी
4. कोसी नदी	द. नर्मदा, ताप्ती
5. रिफ्ट घाटी	फ. बिहार का शोक

प्र.5 एक वाक्य में उत्तर दीजिये– **1x5 =5**

1. बिग बैंग की घटना आज से लगभग कितने वर्ष पहले हुई?
2. 1912 में महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया?
3. मरुस्थलीय क्षेत्रों में उथली जल की झीलों को क्या कहते हैं?
4. भारतीय मुख्य भूमि के दक्षिणतम बिन्दु का नाम लिखिये।
5. अरावली पर्वत की सबसे ऊँची चोटी कौन सी है?

प्र.6 भूगोल की कोई एक परिभाषा लिखिये। **2**

अथवा

भौतिक भूगोल की शाखाओं के नाम लिखिये कोई दो।

प्र.7 भूगोल विषय का महत्व लिखिये। **2**

अथवा

भूगोल के संदर्भ में 'क्षेत्रीय विभेदन' को परिभाषित कीजिए।

प्र.8 विभेदन प्रक्रिया किसे कहते हैं? **2**

अथवा

गैस उत्सर्जन किसे कहा जाता है?

प्र.9 अनाच्छादन किसे कहते हैं? **2**

अथवा

अपक्षय के दो महत्व लिखिये।

प्र.10 जलोढ पंख किस प्रकार की आकृति हैं? **2**

अथवा

लैगून क्या होते हैं?

प्र.11 भारत का अक्षांशीय विस्तार क्या है? **2**

अथवा

भारत की लंबी तटरेखा के क्या प्रभाव हैं? (कोई दो)

प्र.12 हिमालयी नदी तंत्र की मुख्य नदियों के नाम लिखिये। **2**

अथवा

नर्मदा नदी पश्चिम की ओर क्यों बहती है?

प्र.13 भूकंप के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए। **3**

अथवा

पृथ्वी की आंतरिक संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए।

प्र.14 महाद्वीपों के प्रवाह के लिए वेगनर ने किन बलों का उल्लेख किया? **3**

अथवा

प्लेट की रूपान्तर सीमा, अभिसरण सीमा और अपसारी सीमा में मुख्य अंतर क्या है?

प्र.15 'वी' आकार की घाटी तथा 'यू' आकार की घाटी में अंतर स्पष्ट कीजिए। **3**

अथवा

बरखान किसे कहते हैं? ये कहां पाए जाते हैं?

प्र.16 भारत को उपमहाद्वीप क्यों कहा जाता है? **3**

अथवा

भारत की स्थिति हिन्द महासागर के शीर्ष पर होने के कोई तीन लाभ लिखिए।

प्र.17 हिमालयी अपवाह एवं प्रायद्वीपीय अपवाह की नदियों में तीन अंतर लिखिए। **3**

अथवा

डेल्टा तथा ज्वारनद मुख में अंतर लिखिए।

प्र.18 वायु अपरदन से निर्मित कोई दो एवं निक्षेपण से निर्मित दो स्थलरूपों को लिखिए। **4**

अथवा

भौम जल के अपरदन द्वारा निर्मित कोई चार स्थलरूपों को लिखिए।

प्र.19 हिमालय पर्वत माला की संरचना और विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **4**

अथवा

प्रायद्वीपीय पठार की कोई चार विशेषतायें लिखिये।

प्र.20 भारत के दिए गए मानचित्र में निम्न लिखित को दर्शाइए– **1x5 =5**

1. बंगाल की खाड़ी
2. अरावली पर्वत
3. लक्षद्वीप

4. नर्मदा नदी
5. अरब सागर

अथवा

1. गंगा नदी
2. खंभात की खाड़ी
3. इंदिरा प्वाइंट
4. दिल्ली
5. सतपुड़ा पर्वत

नोट : केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये प्रश्न क्रमांक 20 का सैद्धांतिक प्रश्न।

प्र.20 **1x5 =5**

1. गंगा नदी के उद्गम स्थल का नाम लिखिये।
2. लक्षद्वीप किस सागर में स्थित हैं?
3. मध्यप्रदेश की राजधानी क्या है?
4. थार के मरुस्थल का अधिकांश भाग भारत के किस राज्य में है?
5. कर्क रेखा, भारत को कितने भागों में बांटती है?

अथवा

1. यमुना नदी के उद्गम स्थल का नाम लिखिये?
2. चेन्नई किस राज्य की राजधानी है?
3. भारत के मध्य में कौन सा राज्य स्थित है?
4. केरल भारत के किस तट पर बसा है?
5. नीलगिरि पर्वतमाला, कर्क रेखा के किस दिशा में स्थित है?

* * * * * * * * * * * * * * *